AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

बीटेक के 10 छात्रों का इंटर्नशिप के लिए चयन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के बीटेक के 10 छात्र-छात्राओं का इंटर्नशिप के लिए स्टुफिट कंपनी में चयन हुआ है।

प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि बीटेक सीएसई एआई के अरिंदम शुक्ला, मोहित यादव, विश्वजीत कुमार व मेघा गुप्ता और बीटेक सीएसई के आदित्य वर्धन सिंह, शौर्य बाजपेयी, आयुष जिंदल, प्रिंसी बल्लभ, गर्व मित्तल और आयुष पाल छह माह से एक वर्ष तक की इंटर्नशिप के लिए चुने गए हैं। इससे उन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, यूआई या यूएक्स डिजाइनिंग और डाटा एनालिटिक्स जैसे अत्याधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में व्यावसायिक अनुभव मिलेगा।

चयनितों को पांच से 10 हजार रुपये प्रति माह स्टाइपेंड भी मिलेगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बधाई दी। (संवाद)

एआई के सही इस्तेमाल से मिलेंगे अच्छे परिणाम

संवाद न्यूज एजेंसी

लविवि के कुलपति ने दक्षिण गोवा में तीन दिवसीय फोरम में रखी अपनी बात

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने दक्षिण गोवा के वरका कैरावेला में आयोजित तीन दिवसीय एल्सेवियर उच्च शिक्षा और अनुसंधान उत्कृष्टता फोरम में अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) उच्च शिक्षा और अनुसंधान के परिदृश्य को तेजी से बदल रही है। एआई का इस्तेमाल सावधानी से और बेहतर ढंग से किया जाए तो अच्छे परिणाम मिलेंगे। इससे एआई संचालित निर्णय लेने में पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिकता सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने एआई के इस्तेमाल में मानवीय मूल्यों को प्राथमिकता और डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

कुलपति ने परीक्षा पैटर्न व प्रवेश प्रक्रिया में आसान बनाने में एआई के संभावित इस्तेमाल और प्रयोगों पर चर्चा की।

JAGRAN CITY PAGE III

बीटेक के 10 विद्यार्थियों का इंटर्नशिप के लिए चयन

जासं • लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के बी.टेक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत 2026 बैच के 10 छात्र-छात्राओं का चयन टेक्नोलाजी कंपनी स्टुफिट में इंटर्नशिप के लिए हुआ है। प्लेसमेंट सेल प्रभारी डा. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि चयन प्रक्रिया स्टुफिट कंपनी ने आयोजित की थी, जिसमें असेसमेंट टेस्ट, टेक्निकल इंटरव्यू तथा मैनेजरियल इंटरव्यू जैसे कई चरण शामिल थे। इसमें सफल होने वालों में अरिंदम शुक्ला, मोहित यादव, विश्वजीत कुमार एवं मेघा गुप्ता, आदित्य वर्धन सिंह, शौर्य बाजपेयी, आयुष जिंदल, प्रिन्सी बल्लभ, गर्व मित्तल और आयुष पाल शामिल हैं। यह इंटर्नशिप विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साफ्टवेयर डेवलपमेंट, यूआई/यूएक्स डिजाइनिंग, और डेटा एनालिटिक्स जैसे अत्याधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में व्यावसायिक अनुभव प्रदान करेगी। चयनित विद्यार्थियों को पांच से 10 हजार स्टाइपेंड भी दिया जाएगा।

लवि में नए सत्र के लिए एंटी रैगिंग कमेटी बनी

जासं • लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में सत्र 2025-26 में रैगिंग की रोकथाम एवं उस पर प्रभावी नियंत्रण के लिए एंटी रैगिंग कमेटी का गठन कर दिया गया। है।इसमें कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी कमेटी के अध्यक्ष, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. वीके शर्मा, चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह, अपर कुलानुशासक प्रो. ओपी शुक्ला सहित 11 सदस्य शामिल हैं।

रोगों के उपचार में योग महत्वपूर्ण

जासं • लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग की ओर से 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के क्रम में मंगलवार को "स्वस्थ शरीर के लिए योग" विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता योगाचार्य विवेक सिंह चौहान ने कहा कि योग न केवल रोगों की रोकथाम में सहायक है, बल्कि उनके उपचार में भी महत्वपूर्ण भूमिका रखता है।

नियमित योगाभ्यास हृदय गति और रक्तचाप को संतुलित भी करता है। इस अवसर पर संकाय के कोआर्डिनेटर डा. अमरजीत यादव ने भी योग का महत्व बताया।

योग दिवस पर उपस्थिति अनिवार्य

लखनऊ विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को सभी शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों व शोध छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य की है। इस संबंध में कुलसचिव शिवानंद ने पत्र जारी किया है।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

अभ्यास नहीं, जीने की कला है योग

इतिहास रच दिया।

2016 स्वास्थ्य के लिए योग : दूसरे वर्ष योग का उद्देश्य लोगों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्रेरित करना था। इस वर्ष के आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि योग सिर्फ आसनों का अभ्यास नही, वल्कि स्वस्थ जीवनशैली की नीव है।

2017 योग के साथ युवा : तीसरे साल फोकस युवाओं पर था, ताकि वे तनाव, अवसाद और मोवाइल की लत से उवर सकें। यह थीम युवाओं को जीवन में अनुशासन और शांति के साथ आगे वढ़ने का संदेश देती रही।

प्रो. आलोक कुमार

डा. अमरजीत यादव

2018 शांति और विकास के लिए योग : चौथे वर्ष योग को सामाजिक सौहार्द और वैश्विक शांति का माध्यम वताया गया। योग को एक वैश्विक आंदोलन का रूप मिल रहा था और इसके जरिए सीमाओं से परे जुड़ने का संदेश दिया गया।

2019 पर्यावरण और जल संरक्षण के लिए योग : पांचवें वर्ष की थीम ने पर्यावरण की चिंता को केंद्र में रखा। संदेश साफ था जव हम अंदर से संतुलित होंगे, तव ही प्रकृति के साथ संतुलन वना सकेंगे।

2020 घर पर योग : परिवार के साथ योग छठे कोविड-19 की महामारी ने दुनिया को घरों में कैद कर दिया। ऐसे में डिजिटल माध्यम से पहली वार योग दिवस को मनाया गया और परिवार के साथ योग करने पर जोर दिया गया।

2021 स्वास्थ्य के लिए योग : सातवें योग कोविड की दूसरी लहर के वाद यह थीम वेहद सामयिक रही। योग को प्रतिरक्षा वढ़ाने, मानसिक शांति और रिकवरी में सहायक वताया गया।

2022 मानवता के लिए योग : आठवें योग दिवस के दौरान महामारी के वाद की दुनिया में योग को करुणा, सेवा और मानवता के पुनर्निर्माण का औजार माना गया। इस वर्ष 75 ऐतिहासिक स्थलों पर योग कार्यक्रम आयोजित कर आज़ादी का अमृत महोत्सव भी मनाया गया।

2023 एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य : नवां योग दिवस जी-20 की थीम के अनुरूप यह योग दिवस वैश्विक भाईचारे और साझा भविष्य के संदेश के साथ मनाया गया। इसमें जलवायु संकट और वैश्विक स्वास्थ्य जैसे मुद्दों को भी जोड़ा गया।

2024 स्वस्थ जीवन के लिए योग : समरस जीवन के लिए योग 10वां योग दिवस व्यक्तिगत और सामाजिक उत्थान दोनों पर केंद्रित रहा। स्कूलों, कार्यालयों व ग्राम पंचायतों तक योग पहुंचा।

अब 11वें योग दिवस की तैयारी : 2025 का योग दिवस केवल एक आयोजन नही होगा, यह वीते 11 वर्षों के योग शक्ति का उत्सव होगा। योग अव केवल भारत की विरासत नही, वल्कि वैश्विक संस्कृति का हिस्सा वन चुका है। हर साल की थीम ने एक नया संदेश दिया है। कभी शांति, कभी पर्यावरण, कभी मानवता।

यह सिलसिला 11वें वर्ष में किस रूप में आगे वढ़ेगा, यह देखने योग्य होगा। पर इतना तय है कि योग अव केवल एक अभ्यास नही, वल्कि जीने की एक कला वन चुका है। 11वें योग दिवस की तैयारी में राजभवन में डॉ. वृजेन्द्र प्रताप सिंह, केजीएमयू में विवेक सिंह चौहान व मोनिका सिंह यादव, लखनऊ विश्वविद्यालय जानकीपुरम में डॉ. राम किशोर व डॉ. राम नरेश योग की ट्रेनिंग दे रहे है। वही एकेटीयू में जन विकास महासभा के विजयकांत श्रीवास्तव व संतोष कुमार तिवारी ट्रेनिंग दे रहे है।

उधर अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज की 19 यूपी गर्ल्स वटालियन की एनसीसी कैडेट्स ने दिलकशा लॉन में योग एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. सरिता सिंह के कुशल नेतृत्व में कैडेट्स एकता, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली का प्रत्यक्ष प्रतिविंव है।

योग एक जीवन शैली है : प्रो आलोक कुमार राय, कुलपति : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर समस्त छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, कर्मचारियों और नागरिकों से आग्रह करता हूं कि वे योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं। योग केवल शारीरिक व्यायाम नही है, यह मानसिक, भावनात्मक और आत्मिक संतुलन का माध्यम है। लखनऊ विश्वविद्यालय में हम निरंतर प्रयासरत है कि योग को शिक्षा प्रणाली का अभिन्न हिस्सा वनाया जाए।

कर्म की शक्ति को बढ़ाता है योग: डॉ. अमरजीत यादव योग संकाय के कोआर्डिनेटर : योग प्राचीन भारतीय परंपरा एवं संस्कृति की अमूल्य देन है योग का अभ्यास शरीर एवं मन, विचार एवं कर्म की शक्ति को वढ़ाता है जो मात्र व्यायाम ही नही वल्कि स्वयं के साथ विश्व प्रकृति के साथ एकत्व खोज का भाव है। योग हमारी जीवन शैली में परिवर्तन लाकर हमारे अंदर जागरूकता पैदा करता है। उन्होंने वताया कि इस वार का आयोजन केवल रिकॉर्ड वनाने तक सीमित नही है, वल्कि इसका उद्देश्य योग को विद्यार्थियों और समाज की दिनचर्या का हिस्सा वनाना है।

उपचार में भी महत्वपूर्ण भूमिका रखता है योग

लविवि के योग सभागार में स्वस्थ शरीर के लिए योग पर सेमिनार

लखनऊ(एसएनबी)। लविवि के योग विभाग की ओर से योग सभागार में स्वस्थ शरीर के लिए योग विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य वक्ता योगाचार्य विवेक सिंह चौहान ने स्वस्थ जीवन के लिए योग की भूमिका को वताते हुए कहा कि योग आज केवल पारंपरिक अभ्यास नहीं रहा, वल्कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने भी इसके स्वास्थ्य लाभों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से स्वीकार किया है। अनेक शोधों और चिकित्सीय अध्ययनों में यह प्रमाणित हो चुका है कि योग न केवल रोगों की रोकथाम में सहायक है, वल्कि उनके उपचार में भी महत्वपूर्ण भूमिका रखता है।

नियमित योगाभ्यास हृदय गति और रक्तचाप को संतुलित करता है, साथ ही प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास हृदय की कार्यप्रणाली को सुधारते है, जिससे हार्ट अटैक और हाई वी.पी. जैसी वीमारियों का खतरा कम होता है। योग के द्वारा हम तनाव हार्मोन्स, जैसे कॉर्टिसोल को नियंत्रित कर सकते है, जिससे डिप्रेशन, एंग्जायटी और अनिद्रा जैसी मानसिक समस्याएं घटती है। आसान और प्राणायाम का नियमित अभ्यास चयापचय क्रिया को संतुलित करने में सहायक होता है, जिससे मोटापा, थायरॉइड, मधुमेह जैसी वीमारियों को भी नियंत्रित किया जा सकता है। अनेक अध्ययनों यह वताते है कि योग मस्तिष्क की कार्य क्षमता में सकारात्मक परिवर्तन लाता है। उन्होंने कहा कि संतुलित शरीर, शांत मन और जागरूक चेतना, स्वस्थ जीवन की आधारशिला है और इन तीनों की प्राप्ति योग से संभव है। संकाय के कॉर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव ने वताया कि स्वस्थ भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए जन-जन को योग के प्रति जागरूक करना समय की मांग है। आधुनिक चिकित्सा भी अव योग को कॉम्प्लीमेंट्री थेरेपी के रूप में मान्यता देती है। अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और रिसर्च इंस्टीट्यूट्स में योग को उपचार और पुनर्वास का हिस्सा वनाया जा रहा है। इस प्रकार योग, आधुनिक जीवनशैली में, विज्ञान और परंपरा के संगम के रूप में सम्पूर्ण स्वास्थ्य का एक शक्तिशाली साधन है।

एनसीसी, एनएसएस व छात्र होंगे योग दिवस की शोभा

एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की थीम पर होगा योग दिवस

■ शास्त्री प्रमोद यादव

लखनऊ।

21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। लखनऊ इस दिन को एक अनोखे उत्सव की तरह मनाता है। नवावी तहज़ीव और आधुनिकता के संगम इस शहर में योग का उत्साह हर गली, हर पार्क और हर संस्थान में देखने को मिल रहा है।

2025 के योग दिवस पर लखनऊ राजभवन से लेकर अन्य रमणीक स्थलों जैसे गोमती नदी के किनारे, लोहिया पार्क, जनेश्वर मिश्र पार्क और कसमंडा हाउस के लॉन सहित लखनऊ विश्वविद्यालय, डॉ अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्व विद्यालय, केजीएमयू में योगाभ्यास से गूंज रहा है। सुवह 5 वजे से ही हजारों लोग योगा मैट लेकर पहुंचने लगे है। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं अन्य आसनों का अभ्यास किया जा रहा है।

वही योग दिवस को वर्ड रिकॉर्ड वनाने के लिए राजभवन से लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए योग दिवस पर 51000 प्रतिभागियों की संख्या निर्धारित की गई है, जिसमें एनसीसी, एनएसएस के स्वयंसेवक, शोध छात्र, हॉस्टल में रहने वाले छात्र एवं विभिन्न स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर पढ़ने वाले छात्रों की सहभागिता रहेगी।

योग के साथ देश का सफर थीम्स : जव सूर्य अपनी रोशनी से दिन को सवसे लंवा करता है, तव भारत और दुनिया योग की ऊर्जा से भर उठती है। अंतरर्राष्ट्रीय योग दिवस न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की ओर लोगों का ध्यान खीचता है, वल्कि हर साल एक नई थीम के साथ समाज को दिशा देने का कार्य भी करता है। जैसे-जैसे 11वां योग दिवस करीव आ रहा है, आइए एक नज़र डालते है वीते वर्षों की उन थीम्स पर, जिन्होंने योग को जीवन का हिस्सा वनाने में अहम भूमिका निभाई।

2015 योग से मेल-मिलाप : यह पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस था। पीएम नरेंद्र मोदी के प्रयास से संयुक्त राष्ट्र में 177 देशों ने समर्थन किया। थीम ने शांति, एकता और संतुलित जीवन को प्राथमिकता दी। राजपथ पर 35,000 से ज्यादा लोगों ने एक साथ योग कर

HINDUSTAN PAGE 8

एआई का संतुलित इस्तेमाल जरूरी

लखनऊ। उच्च शिक्षा और अनुसंधान में एआई क्रांति ज्ञान निर्माण और प्रसार के परिदृश्य को बदल रही है। फिर भी इस परिवर्तन को जिम्मेदार एआई प्रथाओं की ओर उन्मुख किया जाना चाहिए। जिससे एआई संचालित निर्णय में पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिकता सुनिश्चित हो सके। एआई के इस्तेमाल में मानवीय मूल्यों को प्राथमिकता देना, डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना, उच्च शिक्षा और अनुसंधान के लिए न्यायसंगत और टिकाऊ भविष्य बनाने के लिए विमर्श जरूरी है। यह बातें एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने गोवा में एल्सेवियर उच्च शिक्षा और अनुसंधान उत्कृष्टता फोरम में कहीं।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

एलयू के 10 बीटेक छात्रों का इंटर्नशिप के लिए चयन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के बीटेक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत 2026 बैच के 10 छात्र-छात्राओं का चयन स्टुफिट कंपनी में इंटर्नशिप के लिए हुआ है। प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. हिमांशु पांडेय बताया कि बीटेक सीएसई एआई के अरिंदम शुक्ला, मोहित यादव, विश्वजीत कुमार व मेघा गुप्ता और बीटेक सीएसई के आदित्य वर्धन सिंह, शौर्य बाजपेयी, आयुष जिंदल, प्रिन्सी बल्लभ, गर्व मित्तल और आयुष पाल ने सफलता अर्जित की है। यह इंटर्नशिप छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, यूआई या यूएक्स डिजाइनिंग और डाटा एनालिटिक्स जैसे अत्याधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में व्यावसायिक अनुभव प्रदान करेगी। चयनित विद्यार्थियों को पांच से ?10 हजार रुपये प्रति माह स्टाइपेंड भी मिलेगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बधाई दी।

AMRIT VICHAR PAGE 7

लविवि के बीटेक छात्रों का इंटर्नशिप के लिए चयन

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के बीटेक पाठ्यक्रम (बैच 2026) के 10 छात्र-छात्राओं का चयन देश की प्रतिष्ठित टेक्नोलॉजी कंपनी स्टुफिट में इंटर्नशिप के लिए हुआ है। कुलपति प्रो. राय ने कहा कि यह सफलता छात्रों की प्रतिबद्धता, तकनीकी दक्षता एवं विश्वविद्यालय द्वारा दिए जा रहे उद्योगोन्मुख प्रशिक्षण का परिणाम है। प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि चयन प्रक्रिया में असेसमेंट टेस्ट, टेक्निकल इंटरव्यू और मैनेजरियल इंटरव्यू शामिल थे। इन चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 10 विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त किया।

एआई के प्रयोग में मानवीय मूल्यों को प्राथमिकता देना आवश्यक : प्रो. आलोक

'एल्सेवियर उच्च शिक्षा और अनुसंधान उत्कृष्टता फोरम' कार्यक्रम आयोजित

लखनऊ (एसएनबी)। उच्च शिक्षा और अनुसंधान में एआई क्रांति ज्ञान निर्माण और प्रसार के परिदृश्य को वदल रही है, फिर भी इस परिवर्तन को जिम्मेदार एआई प्रथाओं द्वारा उन्मुख किया जाना चाहिए, जिससे एआई-संचालित निर्णय लेने में पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिकता सुनिश्चित हो सके। यह वात लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने दक्षिण गोवा के वरका कैरावेला में आयोजित हो रहे 'एल्सेवियर उच्च शिक्षा और अनुसंधान उत्कृष्टता फोरम' को संवोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि जहां एक ओर कृत्रिम वुद्धिमत्ता हमारे अकादमिक अनुसंधानों एवं अध्ययनों को ऊर्जा, सरलता और शक्ति प्रदान कर रही है, वहीं कुछ चिंताएं भी सामने आ रही हैं, इसीलिए इसके प्रयोग में मानवीय मूल्यों को प्राथमिकता देना, डिजिटल साक्षरता को वढ़ावा देना और उच्च शिक्षा तथा अनुसंधान के लिए अधिक न्यायसंगत एवं टिकाऊ भविष्य वनाने के लिए संभावित पूर्वाग्रहों पर समुचित विमर्श करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने परीक्षा पैटर्न और प्रवेश प्रक्रिया में सुगमता और सटीकता की दिशा में एआई के संभावित उपयोग और प्रयोगों पर चर्चा की। लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रवेश प्रणाली को संदर्भित करते हुए, जो परिसर और संवद्ध कॉलेजों में लगभग पाँच लाख छात्रों की जरूरतों को पूरा करती है। उन्होंने प्रवेश और परीक्षा प्रणाली को डिजिटल वनाने पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए और परीक्षा सुधारों की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। प्रो. राय ने कहा कि एआई के व्यवस्थित उपयोग से वित्तीय और संसाधन की कमी से जूझ रहे संस्थानों को अधिक और वेहतर लाभ मिल सकता है। दो दिवसीय सम्मेलन में देश भर से प्रतिष्ठित संस्थानों के कुलपति, प्रोफेसर्स, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं अन्य विद्वान भाग ले रहे हैं, जिसका उद्देश्य डिजिटल समाधानों द्वारा लगातार वदलते उच्च शैक्षणिक परिदृश्य के वारे में विचारों का आदान-प्रदान करना है।

इंटर्नशिप के लिए चयतिन हुए लविवि बीटेक के 10 छात्र

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के वीटेक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत 2026 बैच के 10 छात्र-छात्राओं का चयन एक टेक्नोलॉजी कंपनी में इंटर्नशिप के लिए हुआ है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं संकाय के अधिष्ठाता प्रो. ए.के. सिंह ने सभी चयनित छात्रों को हार्दिक वधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

प्लेसमेंट सेल प्रभारी डा. हिमांशु पाण्डेय ने जानकारी दी कि चयन प्रक्रिया में वीटेक (सीएसई-एआई) के चार विद्यार्थियों अरिंदम शुक्ला, मोहित यादव, विश्वजीत कुमार एवं मेघा गुप्ता तथा वीटेक (सीएसई) के छह विद्यार्थियों आदित्य वर्धन सिंह, शौर्य वाजपेयी, आयुष जिंदल, प्रिन्सी वल्लभ, गर्व मित्तल और आयुष पाल ने सफलता अर्जित की है। यह इंटर्नशिप छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, यूआई/यूएक्स डिजाइनिंग और डेटा एनालिटिक्स जैसे अत्याधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में व्यावसायिक अनुभव प्रदान करेगी। चयनित विद्यार्थियों को प्रदर्शन आधारित 5,000 से 10,000 रुपए प्रति माह का स्टाइपेंड भी प्रदान किया जाएगा।